आयोजन : अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के फागोत्सव में जुटे 120 घटक के लोग

वृंदावन के 32 कलाकारों ने रास बैंड पर दी प्रस्तुति

इंदौर| बायपास स्थित संपत पैलेस गार्डन बीती रात ब्रज और वृंदावन के उत्सवों का साक्षी बन गया। यहां अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति द्वारा 120 से अधिक अग्रवाल संगठनों की भागीदारी में रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें वृंदावन की रंगमंच कलाकार वंदनाश्री एवं उनकी टीम के 32 कलाकारों ने करीब 4 घंटे तक प्रस्तुति दी।



इस दौरान राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती आदि देवताओं के वेश में सजे कलाकारों के माध्यम से गीत-संगीत की स्वर लहरियों पर समाजजन को खूब थिरकाया। इस दौरान पुष्प, रंग-गुलाल, इत्र, चंदन तथा केशर की वर्षा समाजजनों पर की गई। इससे पूर्व समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, संयोजक जगदीश बाबाश्री तथा गणेश गोयल के साथ समिति के पूर्व अध्यक्ष किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, संतोष गोयल, राम एरन, कुलभूषण मित्तल कुक्की, गोविंद सिंघल, अरविंद बागड़ी, राजेश बंसल, विष्णु बिंदल, पीडी अग्रवाल, महू समिति के उपाध्यक्ष टीकमचंद गर्ग, रमेश मित्तल, महामंत्री पवन सिंघानिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के चित्र का पूजन किया।